## खबर संक्षेप

### ऑपरेशन सिंदूर शौर्य यात्रा आज

**धमतरी।** जवानों के शौर्य के प्रति आभार और कृतज्ञता व्यक्त करने राष्ट्रीय स्वाभिमान मंच जिला धमतरी द्वारा आज रविवार को शाम 4 बजे से विंध्यवासिनी मंदिर गौशाला मैदान से ऑपरेशन सिंदूर शौर्य यात्रा निकाली जाएगी, जिसकी अगुवानी महिलाएं करेंगी। शौर्य यात्रा के जरिए महिलाएं देश के प्रति प्रेम और सेना के प्रति सम्मान प्रकट करेंगी।

### राजमानस संघ की बैठक आज

**धमतरी।** श्री राजमानस संघ की कार्यकारी बैठक 25 मई रविवार को प्रातः 11 बजे से सत्संग भवन गोकुलपुर धमतरी में रखी गई है। बैठक में वर्ष भर की गतिविधियों एवं आगामी वार्षिक समारोह पर विचार मंथन किया जायेगा। बैठक में श्रीराज मानस संघ धमतरी, राघवेन्द्र मानस परिषद मगरलोड, तहसील मानस संघ गुरूर एवं मानस संघ नवरंगपुर उड़ीसा के पदाधिकारी सम्मिलित होंगे। श्री राजमानस संघ धमतरी के सचिव डॉ. जेएल देवांगन एवं प्रचार महामंत्री चिरंजीव लाल हिरवानी ने संघ से जुड़े पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की है।

### स्नातक प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने आनलाइन पोर्टल शुरू

**धमतरी।** सत्र 2025-26 में स्नातक (प्रथम सेमेस्टर) में प्रवेश लेने आनलाइन पोर्टल 24 मई से प्रारंभ हो गया है। शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में स्नातक बी.ए., बी.कॉम., बी.एस.सी. (बायो एवं गणित) प्रथम सेमेस्टर में प्रवेश लेने की इच्छुक छात्राएं पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट पीआरएसयूयूएनआईवी डाट इन के माध्यम से आनलाइन आवेदन कर सकती हैं। आवेदित छात्राओं की मेरिट सूची एवं प्रवेश लेने की तिथि के संबंध में सूचना पृथक से जारी की जाएगी।

### विज्ञान व वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए पंजीयन शुरू

**कुरुद।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय कुरुद में कक्षा 11वीं में विज्ञान तथा वाणिज्य संकाय में प्रवेश के लिए रेजिस्ट्रेशन शुरू हो गया है। कक्षा 10वीं में सीबीएसई तथा अन्य किसी भी बोर्ड से उत्तीर्ण छात्र आवेदन कर सकते हैं। पंजीयन हेतु रजिस्ट्रेशन फार्म तथा ओप्शन फार्म विद्यालय की वेबसाइट कुरूद डाट केवीएस डाट एसी डाट इन से डाउनलोड कर संबंधित दस्तावेजों के साथ विद्यालय में प्रत्येक कार्य दिवस में प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक कर सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि 31 मई है।

कई किसानों की फसल खेतों में ही सड़ रही है

# आंखों के सामने तबाह हो रही किसानों की मेहनत


**केस 1**

ग्राम अर्जुनी के किसान ओम सिन्हा का खेत एफसीआई गोदाम के सामने है। लगातार खराब मौसम के चलते वे धान की कटाई नहीं कर पाए हैं। वे मौसम खुलने का इंतजार कर रहे थे, लेकिन मौसम नहीं खुला। अब तो स्थिति यह है कि धान जमीन पर बिछ गया है। बालियों में अंकुरण आ चुका है।

**केस 2**

बाईपास मार्ग में कई किसानों की धान कटाई बाकी है। कुछ किसानों ने हार्वेस्टर से कटाई की कोशिश की थी, लेकिन खेत में कीचड़ और पानी होने के कारण कटाई नहीं हो पाई। वे ट्रैक्टर से धान भी नहीं निकाल पा रहे थे। किसानों ने इंतजार करना बेहतर समझा। यह इंतजार अब महंगा पड़ गया है। धान की फसल बर्बाद होने की स्थिति में है।

## मानसून चल रहा एक सप्ताह आगे, अंचल में प्री-मानसूनी बारिश





हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

खराब मौसम के चलते खेतों में तबाही का मंजर नजर आ रहा है। खड़ी फसल जमीन पर बिछी हुई है। खेतों में पानी भरा हुआ है, जिससे धान की बालियों में अंकुरण आ चुका है। अभी भी खेतों में पानी होने के कारण कटाई मिंजाई करना मुश्किल है। आंखों के सामने फसल को बर्बाद होता देख किसान खून के आंसू रो रहे हैं।

खराब मौसम के चलते सभी किसान फसल की कटाई नहीं कर पाए हैं। एक आकलन के अनुसार जिले में 85-90 प्रतिशत कटाई हो चुकी है। अभी भी जिले में 10-15 प्रतिशत किसान ऐसे हैं, जो कटाई मिंजाई नहीं कर पाए हैं। लगातार बारिश के चलते इन किसानों की फसल खेतों में ही सड़ रही है। लगातार बारिश और तूफान के चलते धान की फसल खेतों में चटाई की तरह बिछ गई है। बारिश के चलते खेत सूख भी नहीं पाए हैं। अब तो बालियों में अंकुरण के साथ नए पौधे भी उग आए हैं। किसानों की छह माह की मेहनत पानी में डूब रही है, जिसे देखकर किसान खून के आंसू रो रहे हैं। अब मौसम के लंबे समय तक खुलने के आसार कम हैं। जानकारों की माने तो मानसून की रफ्तार इस साल काफी तेज है। यह अपने नियत समय से सप्ताह-दस दिन आगे चल रहा है। 1 जून को मानसून को केरल पहुंचना था, लेकिन शनिवार तक यह केरल को पार कर चुका था। अंचल में प्री मानसूनी बारिश शुरू हो चुकी है। ऐसे में जल्द ही अंचल में मानसूनी बारिश के शुरू होने के आसार हैं। अब यदि जल्द ये किसान कटाई मिंजाई नहीं करवाते हैं तो उनकी फसल पूरी तरह से चौपट हो सकती है।

### धान की कटाई के बाद भी मुसीबत

इस बार शायद ही कोई किसान होगा, जिसने खराब मौसम का सामना नहीं किया है। हाल ही में हार्वेस्टर से मिंजाई करने वाले किसान भी परेशान हैं। हार्वेस्टर से कटाई के बाद धान को धूप में सुखाना पड़ता है। बारिश के चलते किसान धान को सुखा नहीं पाए हैं। किसी का धान सड़क पर पड़ा है तो किसी का ब्यारा में। धान में नमी होने और उमस के कारण धान की क्वालिटी खराब हो रही है। कई किसानों का धान तो लाल रंग का हो गया है। ये किसान भी मौसम खुलने का इंतजार कर रहे हैं। एक दो दिन भी मौसम खुल जाता है तो इन किसानों का धान सूखकर घर पहुंच जाएगा।

### जुताई में भी परेशानी

खराब मौसम का असर आसानी से पीछा नहीं छोड़ेगा। इसका असर आगामी खरीफ सीजन में भी देखने को मिलेगा। सबसे पहले तो खरीफ के लिए जुताई करने में किसानों को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। रबी फसल के बाद खेत सूख ही नहीं पाए हैं। ऐसे में ट्रैक्टर जुताई के वक्त फंसेंगे। वहीं जुताई भी ठीक से नहीं होगी, जिसका असर फसल पर पड़ेगा। यही नहीं खेतों में लगातार नमी होने के कारण इस साल का कीट प्रकोप और बीमारियां समाप्त नहीं हो पाई है, जिससे खरीफ में भी इन बीमारियों की अधिकता होने की आशंका है।

# रजिस्ट्री के नए नियम से क्रेता-विक्रेता की मुसीबत बढ़ी

- नियम का फॉलो नहीं होने से दस्तावेज हो रहे वापस
- पंजीयन को सरल, सुगम बनाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





यदुनंदन सिन्हा

जमीन रजिस्ट्री के सिस्टम में बदलाव आने के बाद पक्षकारों को पंजीयन कराने काफी मशक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। पंजीयन के नियमों का पालन करने के बाद भी छोटे-मोटे कारणों से रजिस्ट्री नहीं हो पा रही है। हालत देखे तो पंजीयन कार्यालय में दिनभर तपस्या करने के बाद पक्षकारों को बैरंग लौटना पड़ रहा है।

शुक्रवार को पंजीयन कार्यालय धमतरी पहुंचे पक्षकार मोहनी पति स्व. वामनराव पोस्टआफिस वार्ड, खुशबू राव, उमेंद्र राव ने बताया कि जमीन रजिस्ट्री के लिए पंजीयन कार्यालय में उन्हें शुक्रवार का समय दिया गया था। दिनभर पंजीयन कार्यालय में तपस्या करने के बाद जब पंजीयन की बारी आई तो आधार कार्ड में मोबाइल नंबर लिंक नहीं होने की वजह बताकर उनकी रजिस्ट्री रोक दी गई। रजिस्ट्री के लिए फिर समय दिया जाएगा। पक्षकारों का कहना है कि पता नहीं कब रजिस्ट्री होगी।

अधिवक्ता यदुनंदन सिन्हा ने बताया कि किसी जमीन की रजिस्ट्री करवाने में किसान, भूस्वामी, गवाह, दस्तावेज लेखकों को बहुत परेशानी हो रही है। जमीन की रजिस्ट्री के लिए सबसे पहले खेत या प्लाट में क्रेता, विक्रेता तथा फोटोग्राफर को जाना पड़ता है। फोटो सुगम नामक एप से ली जाती है। सुगम एप जटिल है जो मोबाइल के सर्वर पर निर्भर करता है। सर्वर नहीं होने पर पक्षकारों को धूप, बारिश में घंटों इंतजार करना पड़ता है। फिर दस्तावेज तैयार ▶▶ शेष पेज 10 पर

### रजिस्ट्री में रोज नई-नई गाइडलाइन

शासन द्वारा जमीन की रजिस्ट्री के लिए रोज नई नई जटिल गाइडलाइन लागू की जा रही है जिससे पक्षकार आर्थिक एवं मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। वर्तमान में जमीन रजिस्ट्री में 43 प्रतिशत अधिक शुल्क लिया जा रहा है जिससे जमीन का पंजीयन कराना महंगा पड़ रहा है। दस्तावेज एक माह में मिलता है जिससे नामांतरण की प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। जमीन की रजिस्ट्री में समय अधिक लगने से पक्षकार, गवाह, रजिस्ट्री कार्यालय में खड़े-खड़े परेशान हो जाते हैं। रजिस्ट्री में जटिलता को ध्यान में रखते हुए पक्षकार, वकील, गवाहों ने शासन से सुगम, सरल व्यवस्था बनाने की मांग की है।

### पंजीयन कार्यालय की दीवारों में भ्रष्टाचार की बू



धमतरी में उपपंजीयक कार्यालय का निर्माण लोक निर्माण विभाग ने 77 लाख रूपए की लागत से किया है। लोकार्पण 4 साल पहले 11 जून 2021 को तत्कालीन मुख्यमंत्री, गृहमंत्री ने किया है। वर्तमान में पंजीयन कार्यालय की स्थापना शाखा, प्रसाधन कक्ष की दीवारों में बड़ी-बड़ी दरार आ गई है। वहीं जमीन धंसने से टाईल्स जगह- जगह टूट फूट गई है। यहां के कर्मचारियों का कहना है कि जमीन धंसने से दीवारों में दरार आ चुकी है। दीवार गिरने से गंभीर हादसा हो सकता है। लोगों का कहना है कि महज 4 साल में 77 लाख का पंजीयन कार्यालय के धंसने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर कई सवाल उठ रहे हैं।

### सीने में अचानक दर्द उठने से महिला की मौत

**धमतरी।** सीने में अचानक दर्द शुरु होने पर महिला को अस्पताल लाया जा रहा था। अस्पताल पहुंचने से पहले ही महिला ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम रांवा निवासी यमुना साहू पति टीकाराम उम्र 30 वर्ष की 9 वर्ष पहले शादी हुई थी। उसके 2 बच्चे हैं। शुक्रवार की रात्रि परिवार के सभी लोग खाना खाकर कमरे में सो रहे थे। इसी दौरान रात्रि 9.30 बजे यमुना ने पति को सीने में दर्द होना बताया, कुछ देर बाद वह उल्टी करने लगी। उसने अपनी बेटी बिंदिया को अपने पिता बलीराम को बुलाने के लिए भेजा। बलीराम के आने पर गांव के डाक्टर को घर बुलाया गया। महिला की हालत देख डाक्टर ने उसे तत्काल धमतरी ले जाने के लिए कहा। प्राइवेट वाहन से महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डाक्टर ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शनिवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है। महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

**पाठक सूचना**

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969




## ग्राम देवपुर महानदी की घटना

# ट्रैक्टर में दबने से नाबालिग बच्चे की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी





ट्रैक्टर में बैठकर अपने घर के लिए रेत लाने महानदी जा रहा नाबालिग अचानक नीचे गिरकर पहियों की चपेट में आ गया। घटना में बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम देवपुर निवासी होलाराम साहू उर्फ भोलाराम प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर बना रहा है। उसका 14 वर्षीय पुत्र बुदेश साहू चालक के साथ ट्रैक्टर के इंजन पर बैठकर रेत लाने के लिए गांव से लगी महानदी जा रहा था। इसी दौरान इंजन पर बैठे बुदेश अचानक अनियंत्रित होकर ट्राली के सामने गिरकर पहिया की चपेट में आ गया। पहिया में दब जाने से बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर अर्जुनी पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। रक्तदान संस्था के शिवा प्रधान व सहयोगी पप्पू साहू ने शव को जिला अस्पताल मर्च्यूरी लाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

बताया जाता है कि ट्रैक्टर पंकज चला रहा था। रेत लाने जाते समय इंजन में चालक व बुदेश दो ही लोग सवार थे। अर्जुनी पुलिस ट्रैक्टर को जप्त कर चालक को हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई कर रही है। बताया गया है कि होलाराम ने उक्त ट्रैक्टर को 12 हजार रूपए महीने में रेत परिवहन के लिए किराये पर लिया था।

### लीवर फट गया था : डॉ. सोनी

पोस्टमार्टम करने वाले चिकित्सक डा. राकेश सोनी ने मीडिया को बताया कि जिला अस्पताल में एक्सीडेंट में बच्चे की मौत का केस आया था। ट्राली का चक्का उस पर चढ़ जाने की जानकारी मिली थी। शव का पोस्टमार्टम किया गया है। जिसमें लीवर फट गया था, जिसके कारण पेट के अंदर काफी मात्रा में खून का रिसाव हो गया था। इससे उसकी मृत्यु हो गई।

DMT_BHOOMI_25_2025-02_Layout 1 5/24/2025 10:20 PM Page 1



## खबर संक्षेप

### विद्युत कटौती से ग्रामीण परेशान

**बगदेही(धमतरी)।** भखारा विद्युत क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बगदेही सहित आसपास के गांव के लोग विद्युत कटौती से खासे परेशान हैं। शुक्रवार रात 10 बजे लाइट बंद रही जो लगभग एक बजे आई। इसके बाद भी बीच में लाइट बंद होती रही। ग्राम बगदेही की नीरा बाई साहू ने बताया कि दिनभर खेतों में काम करना पड़ता है। रात में लाइट बंद होने से नींद पूरी नहीं होती है। इससे स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ता है। कामताप्रसाद साहू, टीकम साहू, दोवेश साहू सहित अन्य ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से बिजली की कटौती न करने की अपील की है।

### कोड़ेजुंगा के सुग्रीव नगर में घंटों बिजली रही गुल



**कांकेर।** जिला मुख्यालय से लगे ग्रामों में बिजली सप्लाई प्रभावित होने से ग्रामीण ज्यादा ही परेशान है। विभाग को लंबे समय से शिकायत मिल रही है, परंतु कोई समाधान नहीं मिल पा रहा है। शहर से लगे ग्राम कोड़ेजुंगा के सुग्रीव नगर गौशाला पारा में 24 मई की सुबह साढ़े 5 बजे से बिजली सप्लाई प्रभावित हुई और कई घंटे तक ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ा। सुबह के समय पानी पीने के लिए, नहाने, खाना बनाना आदि के लिए पानी की जरूरत होती है, परंतु बिजली सप्लाई बाधित होने से पानी नहीं मिल पाया, जिससे इस ईलाके के लोगों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ा, वहीं जिम्मेदार अधिकारी समस्या के समाधान के लिए आगे आने के बजाय कई घंटो तक मौन साधे रहते है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### रजिस्ट्री के नए नियम से क्रेता-विक्रेता की मुसीबत बढ़ी

कर सुगम एप की फोटो को अपलोड करने पर पंजीयन के लिए समय लिया जाता है। विलंब होने पर दस्तावेज को वापस कर दिया जाता है। समय में पहुंचने पर सभी दस्तावेजों की जांच तथा राजस्व रिकार्ड को आधार कार्ड से मिलान किया जाता है। राजस्व रिकार्ड और आधारकार्ड का मिलान नहीं होने पर दस्तावेज को वापस कर दिया जाता है। दस्तावेज सही होने पर आधारकार्ड का आनलाइन वेरीफिकेशन किया जाता है। वेरीफिकेशन होने पर आधार में अपलोड मोबाइल नंबर पर ओटीपी आता है।

अधिवक्ता श्री सिन्हा ने बताया कि प्रक्रिया इतनी जटिल है कि कुछ रजिस्ट्री में 30 से 35 पक्षकार होते हैं। सभी के आधार से लिंक मोबाइल नंबर से ओटीपी की मांग की जाती है। जिसमें किसी का मोबाइल नंबर बंद रहता है या किसी के मोबाइल में अन्य का मोबाइल नंबर अपलोड रहता है, जिससे ओटीपी नहीं मिल पाता। ओटीपी के अभाव में दस्तावेज वापस कर दिया जाता है। जिससे पक्षकारों का दिनभर खराब होने के बावजूद रजिस्ट्री नहीं हो पाती है।

सेजेस सिंगपुर में सर्व समाज के लोगों ने शैक्षिक योजना 2026 के निर्माण में भागीदारी निभाई

# छात्रों की अनुपस्थिति पर पालक दण्ड के भागीदार होंगे

- शिक्षक ड्रेस कोड सफेद शर्ट और काली पेंट में विद्यालय आएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

सेजेस सिंगपुर में विद्यालय की वार्षिक कार्ययोजना के निर्माण में हर समाज के प्रमुखों को न केवल विचार विमर्श के लिए आमंत्रित किया गया अपितु उन्हें वर्षभर किये जाने वाली गतिविधियों के क्रियान्वयन हेतु जिम्मेदारी भी दी गई। प्राचार्य डॉ व्ही .पी.चन्द्रा ने कहा कि बच्चों के लिए जो भी योजनाएं विद्यालय में बनाई जाती हैं, उस योजना के निर्माण में सभी समाज के प्रमुखों की प्रत्यक्ष भागीदारी होनी चाहिए। समाज प्रमुखों का दायित्व है कि वे अपने अपने समाज के सभी लोगों को शैक्षिक योजना की जानकारी दें ताकि हर पालक इस योजना के क्रियान्वयन में बढ़ चढ़कर भाग ले सकें। शैक्षिक योजना के निर्माण हेतु सोलह प्रकार की समितियों का गठन किया गया। प्रत्येक समिति में शिक्षक एवं पालकों को उनकी रुचि के अनुरूप दायित्व सौंपा गया। प्रवेश समिति के सदस्यों ने सेजेस में प्रवेश सम्बन्धी नियमों का निर्माण कर सभी के समक्ष प्रस्तुत किया। अनुशासन समिति ने यह भी तय किया कि




किसी भी बच्चे को पालकों की उपस्थिति के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

16 जून के शाला प्रवेशोत्सव को स्कूल तिहार के रूप में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। प्रत्येक समिति के लिए एक शिक्षक को प्रभारी तथा पालकों को सदस्य बनाया गया है जिसमें प्रवेश पश्चात बच्चों को भी शामिल किया जाएगा। बच्चों को पालकों की उपस्थिति में प्रवेश तभी दिया जाएगा जब वे पूरी शैक्षिक सामग्री के साथ विद्यालय में उपस्थित होंगे। प्रत्येक पालकों को प्रवेश के अवसर पर एक घोषणा पत्र देना होगा। एसएमडीसी के सदस्य एवं समाज प्रमुखों के समक्ष विद्यालय के शिक्षकों ने स्वयं को अनुशासित करने के लिये ड्रेस कोड का भी निर्धारण किया जिसमें शिक्षक सफेद शर्ट तथा काली पेंट के साथ प्रतिदिन विद्यालय आएंगे।

समाज प्रमुखों ने इस बात को दुहराया कि वे अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजेंगे। नहीं भेजने वाले पालकों को पहले समझाईश देंगे। नहीं समझने पर सामाजिक बहिष्कार भी करेंगे। अनुपस्थिति की दशा में पालक दण्ड के भागीदार होंगे। इसके लिए पृथक से पालकों की एक समिति बनाई गई। बैठक में एसएमडीसी अध्यक्ष धनन्जय साहू, उपाध्यक्ष राधेलाल सिन्हा, एसएमडीसी सदस्य अयूब रिजवी, विष्णु निर्मलकर, सफीना बानो, सिंगपुर सरपंच लोमेश्वर मरकाम, केकराखोली सरपंच ललित नेताम, रोहित मरकाम सरपंच भण्डारवाड़ी, सिंगपुर उपसरपंच ज्योति तिवारी, टिकेश्वर ध्रुव, विधायक प्रतिनिधि इशहाक खान, हरिराम मरकाम, सुंदरलाल कुंजाम, कौशल दीवान, थानसिंह यादव, दीप्ति ग्वाल, चोवाराम साहू, रविंद्र कौशल, इकरामुद्दीन समेत अन्य उपस्थित थे। महिला सदस्यों ने इस वर्ष भी माँ भी स्कूल आएगी कार्यक्रम को और भी प्रभावी बनाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्राचार्य डॉ व्हीपी चन्द्रा, गोविंद नेताम, रामभुवन मारकोले, डीके देवांगन, कल्याण कौशल, प्रेमलाल साहू, रीना ध्रुव, शारदामणि साहू, वेदप्रकाश सिन्हा, आरके साहू, खिलेश्वर साहू, प्रेमलाल साहू, दुलेश्वरी ध्रुव, योगेश साहू, जितेंद्र ग्वाल, जितेंद्र ध्रुव, जयमणि नाग एवं बेदप्रकाश साहू उपस्थित थे।

## हल्की बारिश में ही नवागांव में भरा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नगरी

नगरी विकासखंड के ग्राम नवागांव के वार्ड 3 की गलियों में पानी भरा हुआ जिससे लोगों को आने-जाने में परेशानी हो रही है। वार्ड के रविनाथ साहू, रंजीत नेताम, नेमू साहू, टीकचंद नेताम, महेंद्र नेताम, केशव, शेष नेताम, हुमेद, दशरीबाई, जैनबाई ने बताया कि अभी ठीक से बारिश चालू नहीं हुई है और हमारे मोहल्ले के मेन रोड पर पानी भरने लगा है। निकासी नहीं होने से पानी जाम हो गया है। कम बारिश में ही मोहल्ले में पानी का जमाव हो गया है। पानी निकासी की समस्या से पंचायत को अवगत कराया गया है लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो पाया। सरपंच ने कहा कि जल्द ही पंचायत द्वारा पानी निकासी के लिए नई नाली का विस्तार किया जाएगा। नई नाली बनने के बाद मोहल्लेवासियों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी।

## लोमश ऋषि आश्रम और कुलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण की सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

पुण्य श्लोका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती पर ग्रामीणों ने लोमश ऋषि आश्रम नवागांव बुड़ेनी, कुलेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण एवं आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। कार्यक्रम में अध्यक्ष जनपद पंचायत मगरलोड विरेंद्र साहू, मंडल प्रभारी श्याम साहू, मंडल अध्यक्ष कल्याण सिंह राजपूत, महामंत्री प्रीतराम देवांगन, कोषाध्यक्ष संतोष सोनी, भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य नूतन घृतलहरे, प्रशिक्षण प्रमुख हेमंत साहू, जनपद सदस्य श्रीमती विनीता साहू, जनपद सदस्य श्रीमती अनीता देशमुख, मंडल उपाध्यक्ष हृदयराम साहू, मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती प्रमिला वर्मा, डागेश्वरी यादव, श्रीमती हेमलता देवांगन, सरपंच खेमू राम साहू, सरपंच श्रीमती राजेश्वरी पटेल, सरपंच श्रीमती मनीषा ध्रुव, सरपंच श्रीमती केंवरा साहू, संतशरण साहू,





आनंद पटेल, युवा मोर्चा महामंत्री तोषण साहू, छबिलाल साहू, गजेन्द्र ध्रुव, संतोष साहू, वेद साहू, रिपुसुदन साहू उपस्थित थे।

## मितानिनों से ली आयुष्मान वय वंदन कार्ड की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंवरी

मितानिनों की मासिक बैठक हुई। नपं अध्यक्ष ने मितानिनों को आयुष्मान वय वंदन कार्ड की जानकारी ली। कितने लोगों का बना है और कितना बाकी है।

सुशीला निर्मलकर ने कहा कि मातृ मृत्यु, शिशु मृत्यु दर कम करने में सभी मितानिन, जनप्रतिनिधियों के सहयोग से परिवार भ्रमण कर हाईरिस्क माता की पहचान कर उसे इलाज के लिए भेजेंगे। हमर नगर हमर जिम्मेदारी के तहत जल संरक्षण संवर्धन एवं पर्यावरण संरक्षण पर विशेष सहयोग हेतु संकल्पित हुए। पानी बचाने के बारे में बताया गया। वृक्षारोपण के लिए जगह चिन्हांकित करने की बात कही।

बैठक में विधायक प्रतिनिधि हरख जैन, उपाध्यक्ष विष्णु साहू, पार्षदगण छबिलाल निर्मलकर, हितेंद्र साहू, डुमेंद्र गंगबेल, परदेसी कंवर, खेमलता जितेंद्र साहू, चांदनी साहू, गौतमी पटेल, अंजु साहू, सुशीला निर्मलकर, मैना निर्मलकर, शांति साहू, सुरूजबाई, सुशीलाबाई, मितानिन मीना साहु, प्रति साहू, अमेरिका, योगेश्वरी, देवकी मनभा लक्ष्मी कृष्णाबाई, जंयती साहू, भुनेश्वरी, टिकेश्वरी उपस्थित थे।

## पीएचसी सिर्री राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक में 91 प्रतिशत से हुआ सफल

- पीएचसी सिर्री का दिल्ली की नेशनल टीम ने किया था निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्री का एनक्वास असेसमेंट 25 और 26 अप्रैल को हुआ था। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. यूएल कौशिक, डीपीएम प्रिया कंवर और खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. यूएस नवरत्न, श्वेता स्वर्ण डीपीएचएन धमतरी, बीपीएम रोहित पांडे के मार्गदर्शन में आयुष्मान आरोग्य मंदिर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिर्री का दो दिवसीय एनक्वास असेसमेंट सफलतापूर्वक किया गया।

दिल्ली से पहुंची टीम के डॉ. विकास त्यागी एवं डॉ. विशाल कटारिया ने स्वास्थ्य सेवाओं का बारीकी से निरीक्षण किया था। 25 एवं 26 अप्रैल को दो दिनों तक चले फिजिकल असेसमेंट में एनक्वास (राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक) के 12 बिंदुओं पर चर्चा स्टाफ से की गई थी जिसका डॉक्टर, नर्स सहित पूरे स्टाफ ने संतोषप्रद जवाब दिल्ली की टीम को दिया था। जिसका परिणाम




यह रहा कि पीएचसी सिर्री ने फिजिकल असेसमेंट एनक्वास (राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक) में 91 प्रतिशत के साथ शानदार सफलता हासिल की है।

इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. एन.के. कामड़े, संजय साहू चटौद, राजेश भतपहरी नारी, पीएचसी स्टाफ ज्ञानेश्वरी साहू आरएमए, नोगेंद्र साहू फार्मासिस्ट, पीके दास, कीर्तन साहू नेत्र चिकित्सक एवं स्टाफ नर्स अर्चना, नीता साहू, हमेश्वरी, यामिनी साहू, भगवती साहू, अन्नपूर्णा चंद्रवंशी, हेमा साहू, ड्रेसर देवव्रत कंवर, डाटा एंट्री ऑपरेटर योगिता, बिनेश कुमार, वार्ड आया यामिनी साहू, काजल नाग, शुभ, पोखराज यादव, नारायण यादव, कान्हा निर्मलकर, केवल चतुर्वेदी, खिलेश्वरदास मानिकपुरी, तोरण कंडरा, पीलेश्वरी कंडरा, सेक्टर सुपरवाइजर अरुण साहू, मुग्धा परिहार, सीएचओ हेमा देशलहरे, मनीषा साहू, खिलावन साहू, दुर्गेश्वरी साहू, सुकन्या, आरएचओ मोनिका साहू, मोहनी शर्मा, रजनी वत्सल, अनुराधा ध्रुव, भारती साहू, टिकेश्वर साहू, देवराज विश्वकर्मा, यादराम साहू, ओमप्रकाश साहू, कृष्णदयाल साहू ने खुशी जाहिर की है।


## राज्यस्तरीय ऑनलाइन मानस मंथन 5.0 की हुई पूर्णाहुति

- सभी संभाग की मानस मण्डलियों की हुई सांगीतिक प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिर्री

मानस दर्शन जीवन अर्पण के केंद्रीय समिति संयोजक मंडल, मातृ संयोजक मंडल, युवा प्रकल्प, बालिका प्रकल्प द्वारा आयोजित ऑनलाइन मानसगान प्रतियोगिता मानस मंथन 5.0 मानस दिग्दर्शन मातृ देवों भव 2025 का 24 मई को समापन हुआ।

अंतिम दिवस छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों की मानस मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति जूम एप के माध्यम से दी ऑनलाइन मानस मंथन के समापन दिवस के संचालक त्रेता चंद्राकर एवं सहयोगी छगनलाल




साहू रहे। मानस की आदर्श प्रस्तुति को लेकर मानस दर्शन जीवन अर्पण का यह नवाचार कोरोना काल से मानस के क्षेत्र में एक नई क्रांति लेकर मानस मंडलियों को एक नई प्रेरणा प्रदान कर रहा है । प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से मानस मंडलियों का पंजीयन एवं जूम एप के माध्यम से प्रस्तुतीकरण किया जा रहा है। सन 2025 में 95 मानस मंडलियों की प्रस्तुति ऑनलाइन पटल के माध्यम से की गई। अंतिम दिवस सुयश मानस मंडली पाटन की प्रथम प्रस्तुति से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ एवं इस मानस मैराथन की पूर्णाहुति बिमलेश्वरी मानस परिवार कोलेगांव कवर्धा मातृशक्ति स्वरूपा मां दुर्गा स्वरूप मानस मंडलियों की सुंदर प्रस्तुति से हुई। आशीर्वचन अर्जुन पुरी गोस्वामी, राजमानस संघ धमतरी, जगदीश देशमुख तुलसी मानस प्रतिष्ठान छग, मुन्नालाल देवदास , नूतन साहू व अन्यजनों ने दिया। आधिकारिक रूप से मानस दर्शन जीवन अर्पण का ऑफलाइन आयोजन ग्राम मरौद में होगा। यह जानकारी संगठन मंत्री रामचन्द्र पटेल ने दी।

## ब्लॉक के तीन शिक्षक हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मगरलोड

डीईओ कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विनोबा ऐप में पोस्ट ऑफ द मंथ में एक्टिविटी क्लब स्टोरी और बोलेगा बचपन के तहत कार्य करने पर ब्लॉक स्तर से रामाधार साहू, चंद्रशेखर सेन प्रधानपाठक और माखनलाल साहू सहायक शिक्षक पीएस गिरौद को सम्मानित किया



गया। शिक्षकों को सम्मान मिलने पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## निधन

### केशो देवी निषाद

**मगरलोड।** ग्राम चन्द्रसूर निवासी श्रीमती केशो देवी निषाद का 23 मई शुक्रवार को निधन हो गया। वे धनीराम निषाद, पुष्पाकार निषाद, गोपीराम निषाद की मां थी। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामवासी शामिल हुए।

पार्किंग नहीं होने से ग्राहक सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा कर रहे

# सड़क पर व्यापार, यातायात का दबाव बढ़ा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोर्रा(भखारा)

पुराना धमतरी-रायपुर सड़क मार्ग पर बसे नगर पंचायत भखारा की मुख्य सड़क पर यातायात का दबाव होने के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। दुर्घटना के कारण अनेक हो सकते हैं। राहगीर की लापरवाही या फिर व्यापारियों की मनमानी से भी दुर्घटनाएं घट रही हैं। यहां के कई व्यापारियों द्वारा सड़क पर व्यापार किया जा रहा है जिसके चलते ग्राहकों को पार्किंग की समस्या हो रही है। इस कारण वे सड़क पर ही अपना वाहन खड़ा करने मजबूर हैं। व्यापारियों द्वारा सड़क सीमा नाली, फुटपाथ तक सामान बिखेरकर दुर्घटनाओं को आमंत्रित किया जा रहा है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के पास एक व्यापारी ने नुकीली छड़ को ही सड़क किनारे रख दिया है। वहां पर ट्रांसफार्मर है, जो गंभीर दुर्घटनाओं को आमंत्रित कर रहा है। भखारा थानेदार द्वारा शुरू शुरू में व्यापारियों को चेताया जाता है, लेकिन बाद में वे भी ठंडे पड़ जाते हैं। व्यापारियों द्वारा सड़क पर सामान फैलाकर, अपने प्रतिष्ठान का साइन बोर्ड रखकर यातायात को बाधित किया जाता है जिसका खामियाजा राहगीरों को भुगतना पड़ता है। नागरिकों ने प्रशासन से उचित कार्रवाई कर यातायात को सुगम बनाने की अपील की है।

Pride of Dhamtari

॥ श्री शिवाय नमस्तुभ्यं ॥
नींव से निर्माण तक...
वास्तु एवं संरचना एसोसिएट्स
जय माँ चंडी कंसल्टेंसी एवं कंस्ट्रक्शन
Pro.- Er. Anurag Sahu
( सिविल इंजीनियर एवं आर्किटेक )
नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र रजि.
8839477281
9000051163
बिल्डिंग डिजायनर, इंडस्ट्रियल एंड फाइनेंस हब, प्लानर, सर्वेयर ( टोटल स्टेशन एवं डम्पी लेवल) फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे
सुविधाएं - भवन के नक्शे, स्टीमेट एवं बिल (लोन), साईड सर्वेक्षण, डायवर्सन के नक्शे, साईड सुपर विजन, टाऊन एवं प्लाटिंग के नक्शे, फैक्ट्री एवं गोदाम के नक्शे, सिविल संबंधित सम्पूर्ण कार्य
False Celling & Wallpaper, Tiles & Putty Painting Sanitary, Flushed Door, Electric Fitting Plumbing, Modular Kitchen & Fabrication (Steel, Aluminium)
कार्यालय - पुराना बस स्टैंड, अनुराधा स्वीट्स के पास वार्ड क्र.10 कुरूद
नोट:- वास्तुनुसार भवन/ प्लाट आदि के नक्शे नगर पालिका/ नगर तथा ग्राम निवेश क्षेत्र से नक्शा पास , 3D एलिवेशन , विथ मैटीरियल भवन निर्माण

विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 75873-71999, कुरुद - 98268-82770, नगरी -75818-01429
मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-357201



# जल ही जीवन है

## पर्यावरण सुरक्षा अपने हाथ की बात...



## जल का महत्व

पानी की आवश्यकता हर मनुष्यों को है। कहा भी गया है, जल है तो हम हैं या जल ही जीवन है। प्रकृति पर्याप्त जल प्रदान करती है ताकि मनुष्य खा सके और जीवित रह सके। हमारे पास जो कुछ भी है उससे भी ज्यादा होने का लालच रहता है। मनुष्यों ने अपने फायदे के लिए प्रकृति को परेशान करना शुरू कर दिया है।

इसलिए प्रकृति के संरक्षण और विशेष रूप से पानी के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय दिन की आवश्यकता थी जिस पर लोगों को प्रकृति के लिए बढ़ती समस्याओं से सतर्क किया जाये और पृथ्वी पर दुनिया हर दिन प्रदूषित होती जा रही है हमें यह जानना जरुरी है कि हम प्रदूषण को कैसे कम कर सकते हैं और हमारी प्रकृति को संरक्षित करते हैं।



वीरेंद्र साहू
(अध्यक्ष)
जनपद पंचायत मगरलोड



## जिसे अब तक ना समझे वो कहानी हूं मैं, मुझे बर्बाद मत करों

# पानी हूं मैं

"बिना जल होय नहीं, कोई सा भी काम
इसे साफ रखने हेतु उपाएं करें तमाम

अगर मिले नहीं जल तो जीवन है बेकार
इसे बचाने के लिये चलो रहे हम तैयार

सच कहें तो जल बना जीवन की पहचान
व्यर्थ बाहकर न करें अब इसका नुकसान।"

## जल हमारे जीवन में अहम भूमिका निभाता हैं

पानी हम सभी प्राणियों के जीवन में एक अहम भूमिका निभाता हैं। आज मनुष्य जल को लेकर बहुत लापरवाह हैं मनुष्य को अपने अलावा किसी और की कोई फिक्र नहीं होती हैं। हमने जितनी भी नयी नयी खोजे की हैं, नये नये आविष्कार किये हैं उससे भी कई ज्यादा हमने अपने संसाधनों का बुरी तरह से दुरुपयोग भी किया है और इससे केवल हमारी ही हानि नहीं हुई है बल्कि जितने भी जीव जंतु इस पृथ्वी पर निवास कर रहे हैं। सभी के अस्तित्व को हमने अपने लोभ के लिये विलुप्तिकरण की ओर पहुंचा दिया हैं। अभी वक्त है जल को बचाया जाये जिससे जल की समस्या का समाधान हो सके।



ज्योति हरख जैन
(अध्यक्ष)
नगर पंचायत भखारा

## खुशहाली के लिए जल का संचय जरुरी

पानी आम जन की सबसे जरूरतमंद चीज है इसे सभी को बिल्कुल उपलब्ध होना चाहिए, पानी न होने से सभी का जीना मुश्किल हो जायेगा. यह विकराल समस्या है, इसे दूर करना चाहिए, बिना पानी सब सून कहावत का चरितार्थ गर्मी में होता है क्योंकि गर्मी में पानी की कमी होती है, पानी को स्टोर करके रखना चाहिए, बच्चों द्वारा पानी का खर्च कम हो इसके लिए उन्हें पानी बचाने के उपाय बताना चाहिए। महिलाएं सबसे ज्यादा पानी खर्च करती है उन्हें पानी बचाने के उपयों की जानकारी देनी चाहिए, मैं रोज प्रयास करता हूं कि ज्यादा पानी की बचत हो, पानी को संचय करने के लिए गढ़ों का निर्माण करें।



खिलेश साहू
(उपाध्यक्ष )
जनपद पंचायत मगरलोड

## जल है तो कल है...

पानी आम जन–जीवन की सबसे जरूरतमंद चीज है, आज जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।



रुखमणि सिन्हा
(उपाध्यक्ष )
नगर पंचायत मगरलोड

## जल का संचय करें

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखाई देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाले समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे। नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने–अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए, जिससे छत के ऊपर का पानी धीरे–धीरे जमीन के अंदर चले जाए जिससे जल सतह बना रहे।



हितेंद्र कुमार साहू
(जल सभापति)
नगर पंचायत भखारा भठेली वार्ड क्रमांक 11, पार्षद

## जल का व्यर्थ उपयोग करने पर रोकथाम जरूरी

जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है। वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोंतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है। सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे–बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियॉ में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है।



देवेश साहू
(कोषाध्यक्ष)
जिला शिक्षक संघ धमतरी

## पानी का दुरूपयोग न करें...

वर्तमान परिदृश्य में यदि हम देखें तो आम आदमी की महती आवश्यकताओं में जल का स्थान सर्वोच्च रूप में दिखार्दय देता है, देश और प्रदेश की स्थितियों का आंकलन आम आदमी जल की उपयोगिता को समझ पा रहे है, पानी मनुष्य की पैदाईश से लेकर मृत्यु तक उसके जीवन में अहम भूमिका निभाता है, फिर भी उसकी उपयोगिता के संबंध में उसकी उपेक्षापूर्ण व्यवहार के कारण आज चारों तरफ पानी की कमी का अहसास दिखाई देने लगा है, यदि इसी प्रकार की स्थिति लम्बे समय तक रहती है तो निश्चित ही आने वाल समय में पानी के लिए ही युद्ध हुआ करेंगे, नगरवासियों को पानी के संचय के लिए अपने–अपने घरों में हार्वेस्टिंग सिस्टम का उपयोग करना चाहिए।



सिन्धु बैस
(सभापति)
महिला बाल विकास जनपद पंचायत कुरूद

## जल की उपयोगिता को समझे...

जीवन एवं सृष्टि का प्रारम्भ ही जल है, वर्तमान स्थिति में मेरी राय में वह स्थिति है कि यदि जागरूक होकर सावधानीपूर्वक जल स्त्रोतों का उपयोग करें तो भविष्य की विकराल स्थिति से बचा जा सकता है, सघन वृक्षारोपण एवं रोपित वृक्षों को संरक्षित कर उपवन में परिवर्तित करने में यदि हम सफल होते तभी वृक्षारोपण जलवायु को प्रभावित कर वर्षा कराने में सहायक होगी, छोटे–बड़े नालों में स्टॉपडेम निर्माण जल संग्रहण कर भूजल स्तर को बढ़ाने में सहायक होगी, रहवासी क्षेत्र चाहे वह ग्रामीण क्षेत्र हो अथवा शहरी क्षेत्र गलियॉ में किये जाने वाला कांक्रीटीकरण भूजल स्तर को प्रभावित करता है। अत: गलियों में फ्रीकास्ट सीमेंट ब्लॉक से इंटरलाकिंग कर बरसाती पानी को जमीन में रिसने का अवसर प्रदान करें, पुराने तालाबों को साफ करने से भी भूजल स्तर बढ़ाया जा सकता है।



श्रीमती मीना संतराम साहू
(सरपंच)
ग्राम पंचायत सरबदा

## पानी के व्यर्थ उपयोग पर रोकथाम

पानी आम जनजीवन की सबसे जरूरतमंद चजी है, आम जनजीवन को उपलब्ध होना चाहिए, मानव शरीर का 75 प्रतिशत भाग जल ही है पर्याप्त जल के बिना शरीर में रक्त प्रवाहित नहीं हो सकता, मनुष्य एक दिन भी पानी के बिना नहीं रह सकता, पानी क बिना मनुष्य की मृत्यु हो सकती है। जिन ग्रहों में पानी नहीं है वहां जीवन नहीं है, पानी अमूल्य है और इसका न होना या कम होना विकराल समस्या है, पानी की खपत कम करने के लिए व्यक्तिगत स्तर पर सभी को प्रयास करना चाहिए, प्रत्येक व्यक्ति का कर्त्तव्य बनता है कि घरों में उपयोग कम से कम करें, बच्चे नासमझ होते है, उन्हें सिखाना बड़ों का कर्त्तव्य है, बच्चों द्वारा पानी के दुरूपयोग के लिए पालक दोषी है, उन्हे ऐसी शिक्षा देना चाहिए कि पानी की बचत बचपन से ही करें।



चांदनी चंद्र प्रकाश साहू
(पार्षद)
वार्ड क्रमांक 6 नगर पंचायत भखारा

## पानी संचय के लिए जागरुकता जरुरी

पानी के संचय के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है, हर वर्ग के लोगों को पानी के दुरूपयोग को रोकने हेतु हर संभव प्रयास करना चाहिए, जब भी कोई पानी का उपयोग करता है तो उसे सोचना चाहिए कि कहीं पानी का दुरूपयोग तो नही हो रहा है, अगर जन सामान्य इस पर गंभीरता से विचार नहीं करेगा तो आने वाले समय में सरकारी तंत्र के प्रवास ही समस्या को दूर करने में काफी नहीं होगा, यह एक जन समस्या है। अत: इसे दूर करने में जन भागीदारी की जरूरत सबसे ज्यादा है, पानी बचाने के लिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग होना चाहिए, घरों में उपयोग कम करना चाहिए, जंगलों को नष्ट होने से बचाना चाहिए, वृक्षों के जड़ों के सहारे पानी जमीन में जाकर संचित होता है, लोगों की मानसिकता है ताजा पानी, लोग दूसरे दिन पहले दिन के बचे पानी को फेंके ना इसे संचित कर के रखें।



भूपेंद्र यादव
(पार्षद)
वार्ड क्रमांक 2 नगर पंचायत भखारा

प्रस्तुति : सुरेश साहू, संवाददाता, मगरलोड, मो. 9340622144, भुनेश्वर साहू (थानेश्वर साहू ) संवाददाता, अंवरी भखारा, मो.9753523273

## खबर संक्षेप

### ऑनलाइन पोर्टल शुरू

**धमतरी।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए बीसीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी में स्नातक (प्रथम सेमेस्टर) में प्रवेश हेतु ऑनलाइन पोर्टल 24 मई से प्रारंभ हो गया है। इच्छुक छात्र-छात्राएं इस महाविद्यालय में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

### एनएमएमएस परीक्षा में जुगदेही स्कूल के छात्र का चयन

**कोर्रा (भखारा)।** शासकीय माध्यमिक शाला जुगदेही के छात्र



डकेश्वर साहू पिता रामचंद्र साहू कक्षा आठवीं का एनएमएमएस परीक्षा में चयन हुआ है। उसकी इस उपलब्धि पर शिक्षक उत्तम कुमार साहू, शिक्षिका श्रीमती मंजु मांडवी, श्रीमती नीरा साहू, शिक्षक गिरधारी लाल साहू, प्रधानपाठक दुष्यंत कुमार साहू, भरतकुमार ध्रुव, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ओमप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष श्रीमती रश्मि गोस्वामी ने हर्ष व्यक्त किया है।

### प्रतिभावान छात्र सम्मान करियर मार्गदर्शन 28 को

**सिर्री।** परिक्षेत्र साहू समाज मौरीखुर्द एवं ग्रामीण साहू समाज दहदहा के संयुक्त तत्वावधान में शैक्षणिक करियर मार्गदर्शन का समापन 28 मई को हाईस्कूल परिसर में होगा। ग्राम दहदहा में प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया जाएगा। वक्ता अबिनाश मिश्रा कलेक्टर, सूरजसिंह परिहार पुलिस अधिक्षक, चन्द्रकुमार साहू ब्लाक शिक्षा अधिकारी कुरुद, देवेन्द्र पाल प्राचार्य शाउमावि दहदहा होंगे। इसके अलावा अतिथि अनवेन्द्र साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ, तोरणलाल साहू उपाध्यक्ष साहू संघ धमतरी, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिपं, गीतेश्वरी साहू अध्यक्ष जपं कुरुद, राधेश्याम साहू तहसील अध्यक्ष साहू समाज कुरुद, डीलन चन्द्राकर सरपंच दहदहा होंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ सुबह 10 बजे छात्रों के सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ होगा। अनुभव प्रमाण-पत्र दिया जाएगा। कार्यक्रम की तैयारी में ग्रामीण सचिव एवं अध्यक्ष सहित सामाजिकजन जुटे हुए हैं।

### गीतिका ने शाला का गौरव बढ़ाया

**नगरी।** शासकीय माध्यमिक शाला



बोड़रा की छात्रा गीतिका काशी पिता गिरेंद्र कुमार काशी ने राष्ट्रीय साधन सह प्रावीण्य परीक्षा एनएमएमएसई 2024-25 उत्तीर्ण कर शाला का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर बोड़रा स्कूल के प्रधानपाठक एमके बोरझा, शिक्षिका गौरी साहू, शिक्षक भूपेश बनपेला, गोविन्दराम निषाद, गौकरण कश्यप, विकास कश्यप, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष नंदकिशोर पुजारी, संकुल प्राचार्य नीरज सोन, संकुल समन्वयक सुरेंद्र लोनहरे, प्रधानपाठक केपी साहू माध्यमिक शाला गोरेगांव, शेषकुमार सोम फरसियां, पदमावती ध्रुव, अल्का नाग, वरिष्ठ नागरिक दशरथ साहू, ईश्वरसिंह पुजारी, शिवकुमार साहू, अशोक कश्यप तथा संकुल के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने गीतिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

एक दुकानदार पर नाला में कचरा फेंकने पर 5000 रुपये का लगाया जुर्माना

# सप्ताह भर बाद फिर निकला पीडी नाला से पांच ट्रैक्टर मलबा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

नालियों में कचरा व शहर में जल भराव होने का जिम्मेदार शहर का नागरिक है। वे जागरूकता का परिचय न देते हुए नालियों में कचरा डाल देते हैं। प्रतिदिन कई टन कचरा निकल रहा है, जिसमें प्लास्टिक बोतल, डिस्पोजल, झिल्ली आदि दिखाई देते हैं। सप्ताह भर बाद पीडी नाला की फिर से सफाई करने पर पांच ट्रैक्टर प्लास्टिक निकला। इसके जिम्मेदार सिर्फ नागरिक हैं और नगर निगम पालिका को दोष देते हैं । निगम तो अपना काम कर रहा है लेकिन नागरिक अपनी जागरूकता का परिचय नहीं दे रहे हैं। इसका खामियाजा पूरी जनता को भुगतना पड़ता है। शनिवार को सुबह महापौर, एमआईसी सदस्य एवं निगम के अधिकारी की उपस्थिति में पीडी नाला की फिर से



सफाई की गई। 1 घंटे की सफाई में पांच ट्रैक्टर झिल्ली, पॉलीथिन, प्लास्टिक बॉटल निकली। लोग यह देखकर दंग रह गए कि पीडी नाला की सफाई के साथ पूरे शहर की नालियों एवं नाले की सफाई सप्ताह भर पहले ही हुई थी और कुछ दिनों में फिर कचरा हो गया।

महापौर रामू रोहरा, एमआईसी सदस्य निलेश लुनिया, अखिलेश सोनकर ने बताया कि निगम टीम पूरी मुस्तैदी के साथ नाला और नालियों की सफाई में जुटी है। शहर में जलभराव न हो इसे ध्यान में रखते हुए ड्रेनेज सिस्टम को दुरुस्त करने में लगी है। अब नागरिकों का भी कर्तव्य बनता है कि वह नालियों में कचरा न डालें । प्लास्टिक झिल्ली बोतल व अन्य कूड़ा करकट सड़क किनारे न फेकें। कचरे को डस्टबिन में रखें तभी धमतरी शहर स्वच्छ, सुंदर और साफ दिखेगा। नागरिकों का भी कर्तव्य बनता है कि वह शहर को साफ सुंदर और स्वच्छ रखने में अपनी भागीदारी निभाएं।

विदित हो कि महापौर के निर्देश के बाद निगम की टीम चेन माउंटेन, जेसीबी, प्रेशर मशीन ट्रेक्टर व अन्य मशीनरी सामान लेकर पीडी नाला की सफाई करने सुबह पहुंचे । निगम के सफाई मित्र वॉटरप्रूफ जैकेट पहनकर नाला में कमर तक पानी में उतरे एवं गहराई तक मलबा को बाहर निकाला। सफाई कर्मियों की बदौलत 1 घंटे की सफाई में पांच ट्रैक्टर मलबा निकला। इधर शहर के जागरूक नागरिकों का कहना है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक पॉलीथिन शहर में खुले आम बिक रही है और लोग इसका उपयोग कर नालियों में फेंक रहे हैं । इससे नालियां जाम हो रही हैं। अगर प्रशासन सख्ती से कार्यवाही करें तो पॉलीथिन बिकना बंद हो जाएगा। वहीं कुछ व्यापारियों का कहना है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक का उपयोग व्यापारियों द्वारा स्वेच्छा से नहीं किया जाता है। ग्राहक पॉलीथिन मांगने मजबूर कर देते हैं। सब्जी किराना, डेली नीड्स, कपड़ा, फैंसी आदि सामग्रियों की खरीदी करते समय वे घरों से थैला नहीं लाते और सामान खरीदने के पश्चात दुकानदार से झिल्ली पॉलीथीन या कैरी बैग मांगते हैं । नहीं देने पर समान वापस लेने की धमकी देते हैं इसलिए मजबूरी में व्यापारी कुछ मात्रा में पॉलीथिन रखते हैं लेकिन यही ग्राहक इसका उपयोग करने के बाद खुले में फेंक देते हैं या नालियों में डाल देते हैं। अब सवाल यह उठता है कि प्रतिबंधित प्लास्टिक को पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाने प्रशासन किस हद तक कदम उठाए। निगम प्रशासन पॉलीथिन प्लास्टिक को पकड़ने दर्जनों बार मुहिम छेड़ चुकी है। लाखों रुपए का हजारों टन पॉलीथिन जब्त कर जुर्माना की कार्रवाई भी कर चुका है। इसके बाद भी कुछ व्यापारी अभी भी पॉलीथिन बेच रहे हैं । पीडी नाला के किनारे बसे लालबगीचा, हटकेश्वर, शीतलापारा के रहवासियों ने महापौर से कहा था कि बारिश के दिनों में नाला उफान पर रहता है। मलबा जाम होने के कारण गंदा पानी एवं घरों में पहुंच जाता है जिससे वार्डवासी को परेशानी होती है। लालबगीचा वार्ड की पार्षद हिमानी साहू, सुकृति, दुर्गा महिलांगे, योगमाया चंदेल, अल्का खरे, गायत्री साहू, उर्मिलाबाई ने नाला की गहराई तक सफाई करने की मांग महापौर से की है एवं ज्ञापन सौंपा था। इसके बाद महापौर ने तत्काल एक्शन लेते हुए शनिवार को सफाई कर्मियों को नाला की सफाई करने निर्देश दिए। महापौर ने शहर के नागरिकों से अपील की है कि नालियां पानी की निकासी के लिए होती हैं न कि कूड़ादान समझकर भरने के लिए। सभी नागरिक अपने-अपने घर और दुकानों से निकलने वाले कचरे को कूड़ेदान में ही डालें। सफाई कर्मियों की मेहनत तभी सार्थक होगी, जब शहरवासी भी ज़िम्मेदारी से सहयोग करेंगे।

आयुक्त प्रिया गोयल ने कहा कि सफाई के दौरान यह देखा गया कि स्थानीय लोगों द्वारा नालियों में कचरा फेंका जा रहा है, जिससे नालियों का बहाव पूरी तरह से अवरुद्ध हो गया है। नालियों को कूड़ेदान बनाना एक चिंताजनक है, जिससे न केवल जलजमाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है, बल्कि स्वास्थ्य समस्याएं भी उत्पन्न हो सकती हैं। एक दुकानदार पर नाला में कचरा फेंकने के आरोप में 5000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।

## सेजेस हटकेशर के स्काउट गाइड छात्रों ने दी सेवा




**धमतरी।** भारत स्काउट गाइड जिला धमतरी द्वारा कलेक्ट्रेट रोड में प्याऊ घर का संचालन किया जा रहा है। विभिन्न विद्यालयों के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर्स विद्यार्थी अपनी सेवा दे रहे हैं। हिंदी मध्यम उत्कृष्ट सेजेस विद्यालय हटकेशर के स्काउट-गाइड, रोवर रेंजर्स विद्यार्थीगण हर्ष कुमार, डिगेश कुमार, छवि साहू, खनक सिन्हा, प्रियांशु, आदित्य, जीतू, दिव्या लहरे, नेहा मडामे, दिव्या मंडावी अपने विद्यालय की रेंजर लीडर योगिता कंवर के नेतृत्व में इस प्याऊ घर में सेवा कार्य कर रहे हैं। जिला संघ एवं स्थानीय संघ धमतरी के पदाधिकारियों ने कहा कि भीषण गर्मी में राहगीरों को को शीतल जल पिलाना मानव सेवा का सर्वश्रेष्ठ उदाहरण है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी अमित तिवारी, सेजेस स्कूल प्राचार्य राजकुमार शर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष नेतू राम यादव, डीओसी स्काउट नेमलाल गंगेले, डीओसी गाइड हिना भेंसले, जिला सचिव धर्मेंद्र साहू, मोहित बनपेला, सोहन साहू सहित संस्था के शिक्षकों ने खुशा जाहिर की है।

### समर कैम्प में बच्चों की प्रतिभा को मिला मंच

**सिर्री।** पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला कठौली मे दस दिवसीय समर कैम्प का समापन हुआ। इन दस दिनों में बच्चों ने योग, व्यायाम, खेल संगीत, तबला, हारमोनियम, गीत गायन रंगोली, मेहंदी, मिट्टी के खिलौने, चित्रकारी, पाककला, स्पोकन इंग्लिश, गणितीय पहेलियां, भजन सीखने के साथ कई तरह के व्यंजनों का आनंद लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत थे। विशेष अतिथि बीआरसी कुलेश्वर सिन्हा, समन्वयक दिनेश साहू थे। अध्यक्षता सरपंच खेमराज साहू ने की। कार्यक्रम का आयोजन प्रधानपाठक ललित साहू, अध्यक्ष राजकुमार निषाद, छबिलाल साहू, अरूण साहू, पुरूषोत्तम निषाद, उमा साहू, यशवीर जांगड़े, ऋतुराज बसंत ने किया। विभिन्न गतिविधियों में लोकेश साहू, प्रशांत नगारची, टिकेश्वर विश्वकर्मा, तुलसी साहू, गीतांजलि साहू तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन का भी सहयोग रहा।

## सेजेस बठेना में समर कैंप का समापन


प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

पीएमश्री सेजेस मेहतरुराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय बठेना में समर कैम्प का आयोजन किया गया। इस दौरान विषय विशेषज्ञों ने बच्चों का मार्गदर्शन किया। शहर के सुप्रसिद्ध दंत चिकित्सक विवेक जैन ने बच्चों को दांत की सफाई एवं सुरक्षा के बारे में बताया। मनीष धीवर व्यावसायिक पाठ्यक्रम के तहत वेल्डिंग वर्क के बारे में सभी उपकरणों की जानकारी एवं कार्य के बारे में बताया। समर कैंप समापन पर शाला विकास एवं प्रबंधन समिति अध्यक्ष विनय जैन, विधायक प्रतिनिधि ज्ञानचंद सिन्हा, वार्ड पार्षद भारती साहू, सदस्य राजीव चंद्राकर, जिला कार्यक्रम समन्वयक एनके साहू, जिला बाल संरक्षण अधिकारी गजानंद साहू, खंड-स्त्रोत समन्वयक ललित सिन्हा, प्राचार्य रविंद्र साहू, समर कैंप प्रभारी प्रियंका जैन, दीपक साहू, संतोष चौधरी, नीता नेताम, गुंजा साहू, रेशमा साहू समेत शिक्षक स्टॉफ एवं छात्र उपस्थित थे।

## कुर्सी पर सियासत, सवाल उठाने वाले भूल गए खरीदी किसने की?

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

ननि की कुर्सियों को लेकर जोधापुर वार्ड के पार्षद विशु देवांगन द्वारा उठाए गए सवालों ने पूर्व के महापौर पर ही प्रश्न चिन्ह लगा दिया। पूर्व के महापौर द्वारा लाखों रुपये की कुर्सी खरीदी की गई और उन कुर्सियों का आधा अधूरा वितरण किया गया। लाखों के विकास कार्य महज कुर्सी के कमीशन के नीचे अपना दम तोड़ दिया।

एमआईसी सदस्य नीलेश लूनिया ने स्पष्ट किया कि वर्तमान सरकार के गठन के बाद महापौर निधि एवं पार्षद निधि से एक भी कुर्सी की खरीदी नहीं की गई है। ये कुर्सियां पूर्व महापौर निधि और पार्षद निधि से खरीदी गई थीं, ऐसे में यह सारा सवाल पुरानी व्यवस्था पर उठता है, न कि वर्तमान पर। विजय मोटवानी ने कहा कि जो लोग आज कुर्सी खोज रहे हैं, वे उस समय मौन क्यों थे जब बिना वितरण की योजना के लाखों रुपये की कुर्सियां खरीद ली गईं। क्या फाइलों में खरीदी कराना ही पारदर्शिता है।

सच्चाई यह है कि पूर्व महापौर के कार्यकाल में ही लाखों रुपये की कुर्सियों की खरीदी हुई, वितरण की प्रक्रिया अधूरी रही और अब जब नई सरकार कार्यभार संभाल रही है, तो पुराने पापों का हिसाब वर्तमान पर मढ़ा जा रहा है। विपक्ष का यह प्रयास महज़ एक राजनीतिक स्टंट प्रतीत होता है, जिसमें जनता की भावनाओं से ज्यादा खुद की सियासत चमकाने की कोशिश नज़र आ रही है। अगर विपक्ष वास्तव में पारदर्शिता के पक्षधर हैं, तो उन्हें पहले यह बताना चाहिए कि कुर्सियों की खरीदी किस आधार पर की गई थी और वितरण की जवाबदेही किसकी थी।

## निगम ठेकेदारों ने दी आंदोलन की चेतावनी

- विभिन्न मदों के निर्माण कार्य का भुगतान अटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

नगरपालिक निगम के ठेकेदारों ने निर्माण कार्यों के भुगतान व विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। 7 दिनों के अंदर ठोस कार्रवाई नहीं होने पर निगम कार्यालय के सामने आंदोलन, धरना, प्रदर्शन, नारेबाजी करने की चेतावनी दी है।

ठेकेदार संघ के भुनेश चक्रधारी, किशोर जायसवाल, भूपेंद्र देवांगन, डायमंड देवांगन, दीपलाल, हीरालाल, आलोक जाधव, विजय पांडे, सुशील पवार, गजेंद्र साहू ने बताया कि पार्षद निधि, महापौर निधि, मरम्मत संधारण मद, अधोसंरचना मद, स्कूल जतन मद, सर्व शिक्षा मद से निगम में विभिन्न निर्माण कार्य कराए गए हैं। इन कार्यो का भुगतान ठेकेदारों को लंबे समय से नहीं किया गया है। निर्माण कार्य पूर्ण हुए 12 माह से अधिक समय हो गया है। बिल एकाउंट सेक्सन में जमा है, लेकिन भुगतान के लिए अधिकारी गुमराह कर रहे हैं। ठेकेदारों का कहना है कि अन्य नगर




निगम में रायल्टी की राशि देयक से कटौती कर खनिज विभाग में जमा कर दिया जाता है। ठेकेदारों के बिल का भुगतान निश्चित समय पर किया जाता है, किंतु धमतरी निगम में सालों से अंतिम देयकों को लटकाकर रखा गया है। इसका भुगतान नहीं किया जा रहा है। आगे कहा कि जिन कार्यों का मद उपलब्ध नहीं है, उन कार्यों को शुरु करने के लिए अनावश्यक दबाव बनाया जाता है, जो उचित नहीं है। ठेकेदारों ने आयुक्त से इन समस्याओं का समाधान 7 दिन के अंदर करने का आग्रह किया है। समाधान नहीं होने पर निगम कार्यालय के सामने उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रहा लालबगीचा वार्ड


वार्डवासियों ने पार्षद के नेतृत्व में महापौर से मुलाकात की, बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

लालबगीचा वार्ड के रहवासियों ने पार्षद हिमानी साहू के नेतृत्व में शनिवार को महापौर रामू रोहरा से मुलाकात कर वार्ड में व्याप्त समस्याओं की सूची सौंपी।

निगम कार्यालय पहुंचे वार्डवासी भागवत साहू, मोतीराम साहू, धर्मेंद्र साहू, पूर्व पार्षद किशन निषाद, स्वीकृति महिलांगे, दुर्गा महिलांगे ने बताया कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं की कमी है। समस्याओं से घिरे वार्डवासी जलभराव, खराब सड़क, कचरा, स्ट्रीट लाइट आदि के कारण परेशान हैं। वार्ड में समस्याएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। महापौर ने वार्डवासियों की बात को गंभीरतापूर्वक सुनकर शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। श्री रोहरा ने संबंधित विभाग को समस्याओं का समाधान करने कहा।

वार्ड पार्षद हिमानी साहू ने बताया कि वार्ड में वर्षों से काबिज जनता के पास पट्टा नहीं है। पट्टे के अभाव में प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पीडी नाला का गंदा पानी ओव्हरफ्लो होकर बारिश के दिनों में वार्ड के घरों में घुस जाता है। वार्ड में संचालित डेयरी, लावारिस मवेशियों से रहवासी काफी परेशान हैं। बारिश में नाली में डाला गया गोबर सड़कों पर आ जाता है। वार्ड में आंगनबाड़ी केंद्र की आवश्यकता है। शासकीय जमीन खसरा नं. 161 में आंगनबाड़ी के लिए जगह उपलब्ध कराएं। स्ट्रीट लाइट बंद होने से रात में अंधेरा हो जाता है। अंधेरा के कारण वार्ड में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा रहता है। अंधेरा होने से वार्डवासी बाहर नहीं निकलते। वाहनों की आवाजाही से अंधेरे में दुर्घटना की संभावना है। विद्युत पोल लगवाकर स्ट्रीट लाइट लगवाई जाए।

### नगर घड़ी धमतरी की पहचान : योगेश

**धमतरी।** शहर के मकई चौक में बनाई



गई नगर घड़ी को तोड़ने की चर्चा हो रही है। शहर कांग्रेस के अध्यक्ष योगेश शर्मा ने नगर घड़ी को शहर की पहचान बताते हुए कहा कि यातायात की सुगम व्यवस्था के लिए सदर चौड़ीकरण है। एक बयान में महापौर ने नगर घड़ी के कारण जाम की स्थिति निर्मित होने एवं अघोषित पार्किंग स्टैंड बताया है। श्री शर्मा ने कहा कि क्या नगर घड़ी को तोड़ने मात्र से ही शहर के ट्रैफिक जाम से निज़ात मिल सकती है या उस छोटे भूखंड का उपयोग पार्किंग स्थल बनाने में किया जाएगा। महापौर द्वारा बालक चौक स्थित निर्मित पार्किंग स्थल जनता को मुहैया नहीं करवाई जा रही है। उनके द्वारा सदर बाजार के विभिन्न जगहों पर हर 10 मिनट में जाम लगने एवं शहर हित में सदर चौड़ीकरण की मांग की बातों को नजर अंदाज कर नगर घड़ी चौक तोड़ने के अपने एजेंडे को लेकर अनेक गैर जरूरी तर्क दिया जा रहा है। श्री शर्मा ने आगे कहा कि महापौर धमतरी की पहचान बन चुकी नगर घड़ी को तोड़ने की बजाय उसमें सुधार करते हुए जन भावनाओं के अनुरूप सदर चौड़ीकरण के लिए हिम्मत जुटाएं।

## श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक एवं शीतला मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया



- स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, एक संस्कार भी है: अखिलेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

लोकमाता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जयंती पर पार्षद अखिलेश सोनकर के नेतृत्व में नहर नाका स्थित श्यामाप्रसाद मुखर्जी चौक एवं शीतला मंदिर परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सुबह पार्षद अखिलेश सोनकर के आह्वान पर वार्डवासी एकत्र हुए और श्रमदान की भावना से प्रेरित होकर झाड़ू, कचरा गाड़ी और सफाई उपकरणों के साथ मैदान में उतरे। स्वयं पार्षद सोनकर ने झाड़ू उठाकर लोगों को स्वच्छता का महत्व बताया और संदेश दिया कि स्वच्छता केवल जिम्मेदारी नहीं, एक संस्कार है जिसे हर नागरिक को आत्मसात करना चाहिए। शीतला मंदिर परिसर की सफाई के दौरान न केवल परिसर को चमकाया गया, बल्कि वहां मौजूद कचरे और सूखे पत्तों को एकत्र कर निस्तारित किया गया। श्री सोनकर ने कहा कि अहिल्या बाई होल्कर जैसी प्रेरणादायक महिला के जीवन से हमें सीखना चाहिए कि सेवा और समर्पण से बड़ी कोई पूजा नहीं होती। यह सफाई अभियान हमारी तरफ से उनके प्रति श्रद्धांजलि है और नागरिकों को भी यह प्रेरणा देता है कि स्वच्छता को अपनाकर हम समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं।

चर्म रोग एवं एलर्जिक क्लीनिक
विशेषताएं- स्थायी ईलाज
पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)



डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 2 एवं शाम 6 से 9 बजे तक (मंगलवार बंद)
डा.जयंत पवार हॉस्पिटल, बांके बिहारी मंदिर के पास, सदर बाजार, धमतरी
मो. 86027-50020




### खिसोरा में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी चला रहे स्वच्छता अभियान

# तीन दिन में 2 टन से अधिक कचरे का किया निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶|मगरलोड

ग्राम खिसोरा के शीतला माता मंदिर परिसर एवं शीतला तालाब के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वच्छता कार्यक्रम अंतर्गत शीतला एवं बाला तालाब के घाटों की सफाई एवं तालाब के किनारे उग आये अवांछनीय पौधों का उन्मूलन किया गया। अमृत सरोवर के दोनों ओर जमे अवांछनीय कचरे को एकत्रित कर उसका निस्तारण किया गया एवं पौधों को जैविक खाद उपलब्ध कराया गया। शीतला माता मंदिर के पास मुख्य मार्ग पर एकत्रित



कचरे के ढेर का उचित निपटारा किया गया। तीन दिन में 2 टन से भी अधिक जैविक एवं अजैविक कचरे को एकत्रित कर उसका उचित निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर मातृभूमि अधिकारी कर्मचारी संगठन के अध्यक्ष उत्तम कुमार साहू, संरक्षक नंदकुमार साहू उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार साहू सहित सदस्यगण संजय कुमार साहू, कोमल निर्मलकर, तेजराम पटेल, नीलकमल साहू, खूबचन्द पटेल, महेन्द्र पटेल, दिनेश बंसोर, ऋषि पटेल, खेमूराम साहू, भूषण नेताम, हितेश बंसोर, जितेंद्र पटेल, अंगद साहू, डोमेश्वर साहू, डीहूर निषाद, कौशल रात्रे, गजानंद साहू, विजय कश्यप, तोषण मरकाम, सरपंच श्रीमती राखी साहू, उपसरपंच इंदु पटेल, मेषलता पटेल पंच, रमा पटेल, गज्जु पटेल, मोहम्मद मुश्ताक, हलेश निषाद, संतोष साहू, रामबती, चंद्रकला साहू, ईश्वरी पटेल, यशोदा साहू, चैनसिंह, विष्णु साहू ग्रामीण अध्यक्ष, कमल नारायण निषाद ग्रामीण सचिव, तनेश साहू उपाध्यक्ष, डॉ दीपक साहू, राजेंद्र पटेल, ठाकुरराम साहू, डॉ. शत्रुहन साहू, किशन साहू मौजूद थे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज